Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to convert Chakrabhata Airport into 3-C Category so as to facilitate the public of Bilaspur with more Air services.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । मेरे बिलासपुर की जनता बिलासपुर में हवाई सेवा प्रारम्भ करने के लिए 20 दिन से अधिक समय से आन्दोलनरत है ।

महोदय, उनकी माँग जायज है, क्योंकि बिलासपुर में उच्च न्यायालय है, एसईसीएल का मुख्यालय है, एनटीपीसी है, केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और रेलवे का जोनल मुख्यालय है । वहाँ से हवाई सेवा प्रारम्भ किया जाना आवश्यक है । चकरभाटा की जो हवाई पट्टी है, उसे टू-सी कैटेगरी का लाइसेंस प्राप्त है, लेकिन जब तक उसे थ्री-सी कैटेगरी का लाइसेंस प्राप्त नहीं होगा, तब तक हवाई सेवा प्रारम्भ करने में दिक्कत आ रही है । राज्य सरकार बिलासपुर की जनता की उपेक्षा कर रही है, उनकी भावनाओं को नहीं समझ रही है । 2-सी कैटेगरी के हवाई अड्डे को 3-सी कैटेगरी में परिवर्तित करने के लिए जो आवश्यक विकास के काम हैं, जिसमें अधिकतम तीन से पाँच करोड़ रुपये तक का खर्च आएगा, उसे वह नहीं कर रही है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वे बिलासपुर की जनता की भावनाओं का आदर करें और चक्रभाटा हवाई पट्टी को 3-सी कैटेगरी का हवाई पट्टी बनाकर बिलासपुर की जनता को हवाई सेवा प्रदान करें ।